1. नरौरा परमाणु विद्युत संयंत्र उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है ?
(A) हरदोई (B) हाथरस (C) हमीरपुर (D) बुलंदशहर
The Narora Atomic Power Station is located in which district of Uttar Pradesh ?
(A) Hardoi (B) Hathras (C) Hamirpur (D) Bulandshahar

2. यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक मुद्रा क्या है ?
(A) यूरो (B) पौंड स्टर्लिंग (C) येन (D) डॉलर
What is the official currency of the United Kingdom ?
(A) Euro (B) Pound Sterling (C) Yen (D) Dollar

3. ग्रीनहाउस गैस क्या है ?
(A) गैस जो ऑक्सीजन छोड़ती है
(B) गैस जो हाइड्रोजन छोड़ती है
(C) गैस जो अवरक्त विकिरण उत्सर्जित और अवशोषित करती है
(D) गैस जो कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है
What is Greenhouse gas ?
(A) Gas that releases oxygen
(B) Gas that releases hydrogen
(C) Gas that emits and absorbs infrared radiation
(D) Gas that absorbs carbon dioxide

4. प्रत्येक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता को दी गई पहचान संख्या ________ है।
The identification number given to every registered supplier is ________.
(A) IGST (B) GSTIN (C) GST (D) HSN

5. बाजरा का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन-सा है ?
(A) गुजरात (B) हरियाणा (C) राजस्थान (D) महाराष्ट्र
Which State is the largest producer of bajra ?
(A) Gujarat (B) Haryana (C) Rajasthan (D) Maharashtra

6. पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम की पी.यू.आर.ए. (पूरा) योजना संदर्भित करती है :
(A) ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना (B) शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक योजना
(C) मेट्रो शहरों के विकास के लिए एक मॉडल (D) शहरी-ग्रामीण संरेखण प्रदान करना
The PURA scheme by the former President Dr. Abdul Kalam refers to :
(A) Providing Urban Amenities in Rural Areas (B) A Plan for Urban and Rural Areas
(C) A model for the growth of the metro cities (D) Providing Urban-Rural Alignment

7. दुनिया भर में आपदा जोखिम में कमी के लिए दिशानिर्देश और सहायता प्रदान करने के लिए कौन-सा संगठन जिम्मेदार है ?
Which organization is responsible for providing guidelines and assistance for disaster risk reduction worldwide ?
(A) UNDRR (B) UNESCO (C) WTO (D) WHO

8. "एन एरा ऑफ़ डार्कनेस" पुस्तक किसने लिखी है ?
(A) शशि थरूर (B) पंडित सुन्दरलाल (C) क्रिस्टोफर बेली (D) आसफ अली
Who authored the book, "An Era of Darkness" ?
(A) Shashi Tharoor (B) Pandit Sunderlal (C) Christopher Bayly (D) Asaf Ali

9. साइबर सुरक्षित भारत पहल किस वर्ष शुरू की गई ?
In which year was the Cyber Surakshit Bharat Initiative launched ?
(A) 2018 (B) 2016 (C) 2015 (D) 2017

10. G20 देशों में "G" अक्षर का क्या अर्थ है ?
(A) ग्रूप (B) जनरल (C) ग्रेट (D) गुड
What does the letter "G" stand for in G20 Nations ?
(A) Group (B) General (C) Great (D) Good

11. क्षेत्रकार्य-आधारित अनुसंधान को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है :
(A) ऐतिहासिक (B) जीवन संबंधी (C) प्रयोगसिद्ध (D) प्रयोगात्मक
Fieldwork-based research is classified as :
(A) Historical (B) Biographical (C) Empirical (D) Experimental

12. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की भूमिका क्या है ?
(A) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना
(B) सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना
(C) वैश्विक व्यापार को विनियमित करना
(D) अंतर्राष्ट्रीय मानवीय सहायता की निगरानी करना
What is the role of the United Nations Security Council ?
(A) To maintain international peace and security
(B) To promote cultural exchange
(C) To regulate global trade
(D) To oversee international humanitarian aid

13. NOAA का मतलब है :
(A) कला प्रत्यायन के लिए राष्ट्रीय कार्यालय (नेशनल ऑफिस फॉर आर्ट्स ऐक्रिडिटेशन)
(B) राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय संचालन (नेशनल ओशेनिक एंड एट्मोस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन)
(C) राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय संगठन (नेशनल ओशेनिक एंड एट्मोस्फेरिक एसोसिएशन)
(D) कोई संगठन ही नहीं (नो ऑर्गेनाइज़ेशन एट ऑल)
NOAA stands for :
(A) National Office for Arts Accreditation
(B) National Oceanic and Atmospheric Administration
(C) National Oceanic and Atmospheric Association
(D) No Organization At All

14. कौन-सा भारतीय राज्य चाय का प्रमुख उत्पादक है ?
(A) असम (B) पश्चिम बंगाल (C) तमिलनाडु (D) केरल
Which Indian State is the leading producer of tea ?
(A) Assam (B) West Bengal (C) Tamil Nadu (D) Kerala

15. जम्मू और कश्मीर में 'वॉर अगेंस्ट वेस्ट' के लिए राजदूत के रूप में सितंबर 2023 में किसे नामित किया गया था ?
(A) कैप्टन बाना सिंह (B) विश्वनाथन आनंद (C) सचिन तेंदुलकर (D) विद्या बालन
Who was nominated as the Ambassador for 'War Against Waste' in Jammu and Kashmir in September 2023 ?
(A) Captain Bana Singh (B) Vishwanathan Anand (C) Sachin Tendulkar (D) Vidya Balan

16. कोशिका में राइबोसोम का मुख्य कार्य क्या है ?
(A) प्रोटीन संश्लेषण (B) DNA प्रतिकृति (C) ऊर्जा उत्पादन (D) लिपिड संश्लेषण
What is the main function of ribosome in a cell ?
(A) Protein synthesis (B) DNA replication (C) Energy production (D) Lipid synthesis

17. मैंग्रोव वितरण मुख्य रूप से अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के निम्नलिखित भागों में से किसमें पाया जाता है ?
(A) लिटिल अंडमान (B) लिटिल निकोबार (C) कार निकोबार (D) उत्तरी अंडमान
The distribution of mangroves is mainly found in which of the following parts of the Andaman and Nicobar group of islands ?
(A) Little Andaman (B) Little Nicobar (C) Car Nicobar (D) North Andaman

18. पेनिसिलिन की खोज, जिसने चिकित्सा में क्रांति ला दी, का श्रेय इन्हें दिया जाता है :
(A) रॉबर्ट कोख (B) जोनास साल्क (C) लुई पाश्चर (D) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
The discovery of penicillin, which revolutionized medicine, is attributed to :
(A) Robert Koch (B) Jonas Salk (C) Louis Pasteur (D) Alexander Fleming

19. ________ वह धन है जो वैध तरीकों से अर्जित किया जाता है और इसका हिसाब-किताब रखा जाता है, जिसके लिए आयकर या अन्य कर का भुगतान किया जाता है।
(A) काला धन (B) नई मुद्रा (C) सफ़ेद धन (D) पुरानी मुद्रा
________ is money that is earned through legitimate means and is accounted for, for which income tax or other tax is paid.
(A) Black money (B) New currency (C) White money (D) Old currency

20. भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) में कौन-सा शब्द यह दर्शाता है कि भारत किसी भी बाहरी नियंत्रण से मुक्त है ?
(A) पंथनिरपेक्ष (B) गणराज्य (C) संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न (D) समाजवादी
Which term in the Preamble of the Indian Constitution signifies that India is free from any external control ?
(A) Secular (B) Republic (C) Sovereign (D) Socialist

21. भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा पठार अरावली और विंध्य क्षेत्र के बीच स्थित है ?
(A) मालवा का पठार (B) मारवाड़ का पठार
(C) छोटा नागपुर पठार (D) दक्कन का पठार
Which among the following plateaus in India lie between the Aravali and the Vindhya region ?
(A) Malwa Plateau (B) Marwar Plateau
(C) Chota Nagpur Plateau (D) Deccan Plateau

22. 'ज्यामिति के जनक' के रूप में किसे जाना जाता है ?
(A) यूक्लिड (B) पाइथागोरस (C) केपलर (D) अरस्तू
Who is known as the 'Father of Geometry' ?
(A) Euclid (B) Pythagoras (C) Kepler (D) Aristotle

23. सोशल मीडिया संचार में एनालिटिक्स टूल्स (विश्लेषण उपकरण) का उपयोग करने का प्राथमिक लाभ क्या है ?
(A) पोस्ट शेड्यूल करना (B) कंटेंट संपादित करना
(C) अवांछित उपयोगकर्ताओं को ब्लॉक करना (D) प्रदर्शन को मापना
What is the primary benefit of using analytics tools in social media communication ?
(A) Scheduling posts (B) Editing content
(C) Blocking unwanted users (D) Measuring performance

24. भारत में, किस अधिनियम ने ग़ैर-कानूनी और आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए रूपरेखा प्रदान की ?
(A) DIR अधिनियम (B) UAPA (C) POSCO अधिनियम (D) MISA
In India, which Act provided the framework to deal with unlawful and terrorist activities ?
(A) DIR Act (B) UAPA (C) POSCO Act (D) MISA

25. भारत – रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का क्या महत्त्व है ?
(A) व्यापार बाधाओं को कम करना
(B) रणनीतिक साझेदारी और रक्षा सहयोग को मजबूत करना
(C) पर्यटन को बढ़ावा देना
(D) सांस्कृतिक गतिविधियों को विनियमित करना
What is the importance of India – Russia Annual Summit ?
(A) Reducing trade barriers
(B) Strengthening strategic partnership and defence cooperation
(C) Promoting tourism
(D) Regulating cultural activities

26. सोशल मीडिया में "कंटेंट क्यूरेशन" शब्द का क्या अर्थ है ?
(A) अन्य स्रोतों से प्रासंगिक कंटेंट का चयन, आयोजन और साझाकरण
(B) अवांछित कंटेंट को ब्लॉक करना
(C) पुराने पोस्ट हटाना
(D) मूल कंटेंट बनाना
What does the term "content curation" refer to in social media ?
(A) Selecting, organizing and sharing relevant content from other sources
(B) Blocking unwanted content
(C) Deleting old posts
(D) Creating original content

27. एसएसी कोड में ____ अंक होते हैं।
SAC code consists of ____ digits.
(A) 6 (B) 10 (C) 4 (D) 5

28. 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में किसे जाना जाता था ?
(A) सुभाष चंद्र बोस
(B) भगत सिंह
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) सरदार वल्लभभाई पटेल
Who was known as the 'Iron Man of India' ?
(A) Subhash Chandra Bose
(B) Bhagat Singh
(C) Jawaharlal Nehru
(D) Sardar Vallabhbhai Patel

29. 1997 में अपनाई गई किस अंतर्राष्ट्रीय संधि का उद्देश्य रासायनिक हथियारों के उत्पादन, भंडारण और प्रयोग को समाप्त करना है ?
(A) परमाणु अप्रसार संधि (एन.पी.टी.)
(B) रासायनिक हथियार सम्मेलन (सी.डब्ल्यू.सी.)
(C) व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि (सी.टी.बी.टी.)
(D) जैविक हथियार सम्मेलन (बी.डब्ल्यू.सी.)
Which international treaty, adopted in 1997, aims to eliminate the production, stockpiling and use of chemical weapons ?
(A) Nuclear Non-Proliferation Treaty (NPT)
(B) Chemical Weapons Convention (CWC)
(C) Comprehensive Nuclear-Test-Ban Treaty (CTBT)
(D) Biological Weapons Convention (BWC)

30. भारत ने ब्रिटिश शासन से किस वर्ष में स्वतंत्रता प्राप्त की थी ?
In which year did India gain independence from British rule ?
(A) 1947 (B) 1964 (C) 1945 (D) 1999

31. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम कब लागू हुआ ?
(A) 12 सितंबर, 1993
(B) 10 अक्टूबर, 1993
(C) 10 जुलाई, 1993
(D) 28 सितंबर, 1993

The Protection of Human Rights Act came into force on :
(A) $12^{th}$ September, 1993
(B) $10^{th}$ October, 1993
(C) $10^{th}$ July, 1993
(D) $28^{th}$ September, 1993

32. भारत में कैशलेस अर्थव्यवस्था को भारत सरकार की ________ पहल के साथ बढ़ाया गया।
(A) डिजिटल इंडिया (B) बैंकिंग क्षेत्र का संकट (C) विमुद्रीकरण (D) स्वच्छ भारत

The cashless economy in India has been amplified with the Indian Government's initiative of ________.
(A) Digital India (B) Banking sector crisis (C) Demonetization (D) Swachh Bharat

33. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में पंचायतों की स्थापना का प्रावधान है ?
(A) अनुच्छेद 245 (B) अनुच्छेद 246 (C) अनुच्छेद 243 (D) अनुच्छेद 250

Which Article of the Indian Constitution provides for the establishment of Panchayats ?
(A) Article 245 (B) Article 246 (C) Article 243 (D) Article 250

34. किस दिन को विश्व मौसम विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है ?
(A) 23 मार्च (B) 19 जनवरी (C) 16 अप्रैल (D) 25 मार्च

Which day is celebrated as World Meteorological Day ?
(A) $23^{rd}$ March (B) $19^{th}$ January (C) $16^{th}$ April (D) $25^{th}$ March

35. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में सबसे बड़ा खाद का उत्पादक है ?
(A) गुजरात स्टेट फर्टिलाइज़र्स एंड केमिकल्स लिमिटेड
(B) राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(C) कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड
(D) इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड

Which of the following is the largest fertiliser producer in India ?
(A) Gujarat State Fertilisers and Chemicals Ltd.
(B) Rashtriya Chemicals and Fertilisers Ltd.
(C) Coromandel International Ltd.
(D) Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited

36. किस दिन को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त है ?
(A) 14 नवम्बर (B) 11 जुलाई (C) 19 अगस्त (D) 21 सितम्बर

Which day is recognized as International Day of Peace ?
(A) $14^{th}$ November (B) $11^{th}$ July (C) $19^{th}$ August (D) $21^{st}$ September

37. किस प्राचीन भारतीय ग्रंथ को 'आयुर्वेद का विज्ञान' के नाम से जाना जाता है ?
(A) मनुस्मृति (B) महाभारत (C) चरक संहिता (D) अर्थशास्त्र

Which ancient Indian text is known as the 'Science of Ayurveda' ?
(A) Manusmriti (B) Mahabharata (C) Charaka Samhita (D) Arthashastra

38. भारत की पहली महिला प्रधान मंत्री कौन थी ?
(A) सरोजिनी नायडू (B) मायावती (C) इंदिरा गाँधी (D) सोनिया गाँधी

Who was the first female Prime Minister of India ?
(A) Sarojini Naidu (B) Mayawati (C) Indira Gandhi (D) Sonia Gandhi


39. निम्नलिखित में से विषम (बेजोड़) को चुनिए।
Pick out the odd one from the following.
3, 5, 7, 9, 11, 13, 17, 19

(A) 19 (B) 9 (C) 3 (D) 17


40. एक आकृति दी गई है। आपको यह पहचानना है कि इस आकृति को बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस टुकड़े की आवश्यकता *नहीं* होती।
A figure is given. You have to identify which among the following pieces is ***not*** required to make this figure.

*दी गई आकृति / Given figure :*



(A)  (B)  (C)  (D) 

41. विषम को ज्ञात कीजिए।
Find the odd one out.

(A)  (B)  (C)  (D) 

42. दी गई श्रृंखला से X ज्ञात कीजिए।
Find X from the given series.
64, 57, 50, X, 36, ...

(A) 48 (B) 42 (C) 43 (D) 44

43. श्रृंखला में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the next number in the series.
280, 275, 265, 245, ...

(A) 215 (B) 205 (C) 210 (D) 220

44. अरुण ने ₹ 800 में एक साइकिल खरीदी और फिर उसे ₹ 920 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत क्या है ?
Arun bought a cycle for ₹ 800 and then sold it for ₹ 920. What is his profit percentage ?

(A) 30 (B) 10 (C) 15 (D) 20

45. चार मित्र एक पंक्ति में बैठे हैं। सैम, टॉम के दाईं ओर है। एमी, टॉम के बाईं ओर है लेकिन उसके बगल में नहीं है। रिक, एमी और टॉम के बीच है। सबसे दाएँ कौन बैठा है ?

(A) रिक (B) टॉम (C) सैम (D) एमी

Four friends are sitting in a row. Sam is to the right of Tom. Amy is to the left of Tom but not next to him. Rick is between Amy and Tom. Who is sitting at the far right ?

(A) Rick (B) Tom (C) Sam (D) Amy

46. यदि ABC का कोड ZYX है, तो DEF का कोड क्या है ?
If the code for ABC is ZYX, what is the code for DEF ?

(A) UVW (B) VUT (C) WVU (D) VWU

47. असमान संख्या युग्म ज्ञात कीजिए।

Find the dissimilar pair of numbers.

(A) $\frac{2}{5}, \frac{12}{30}$ (B) $\frac{4}{7}, \frac{12}{25}$ (C) $\frac{2}{4}, \frac{8}{16}$ (D) $\frac{3}{9}, \frac{27}{81}$

48. एक समतल (प्लेन) एक नियमित चतुष्फलक (टेट्राहेड्रान) का इस तरह से प्रतिच्छेदन करता है कि प्रतिच्छेद (इंटरसेक्शन) एक समबाहु त्रिभुज (इक्विलैटेरल ट्राएंगल) बनाता है। ऐसे कितने समतल (प्लेन्स) ऐसा कर सकते हैं ?

A plane intersects a regular tetrahedron in such a way that the intersection forms an equilateral triangle. How many such planes can do this ?

(A) 3 (B) 4 (C) 1 (D) 2

49. एक तस्वीर में एक आदमी की ओर इशारा करते हुए आशा ने कहा, "उसकी माँ की इकलौती बेटी मेरी माँ है।" आशा उस आदमी से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) भांजी (B) भतीजा (C) पत्नी (D) बहन

Pointing to a man in a photograph, Asha said "His mother's only daughter is my mother." How is Asha related to that man ?

(A) Niece (B) Nephew (C) Wife (D) Sister

50. एक लड़की की ओर इशारा करते हुए विनोद ने कहा, "वह मेरे पिता की इकलौती बहन की बेटी है।" विनोद उस लड़की से किस प्रकार संबंधित है ?


(A) पिता (B) दादा (C) मामा (D) कज़िन

Pointing to a girl, Vinod said "She is the daughter of the only sister of my father." How is Vinod related to the girl ?

(A) Father (B) Grandfather (C) Uncle (D) Cousin

51. एक पासे की निम्नलिखित स्थितियों का अध्ययन कीजिए और निर्धारित कीजिए कि तीन बिंदुओं वाले पासे के फेस के विपरीत वाले पासे के फेस पर कितने बिंदु हैं।

Study the following positions of a dice and determine how many dots are there on the dice face opposite the one with three dots.



(A) 5 (B) 6 (C) 2 (D) 4


52. निम्नलिखित में से विषम को चुनिए।

Select the odd one out from the following.

(A) 11 (B) 23 (C) 63 (D) 17

53. आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the number of triangles in the figure.




(A) 14 (B) 16 (C) 12 (D) 18

**54.** दिए गए विकल्पों में से विषम (बेजोड़) को ज्ञात कीजिए।

(A) कुकीज़ (B) मिल्कशेक (C) बर्गर (D) पिज़्ज़ा


Find the odd one out from the given alternatives.

(A) Cookies (B) Milkshake (C) Burger (D) Pizza

**55.** 

नीचे दिए गए विकल्पों में से उपर्युक्त श्रृंखला में अगली आकृति ज्ञात कीजिए।

Find the next figure in the above series from the options given below.




(A) III (B) IV (C) V (D) II

**56.** श्रृंखला में अगली आकृति को ज्ञात कीजिए।

Find the next figure in the series.



(A)  (B)  (C)  (D) 

**57.** श्रृंखला में से विषम (बेजोड़) को ज्ञात कीजिए।

Find the odd one out in the series.

B4, D16, F38, H64, J100

(A) D16 (B) H64 (C) F38 (D) B4

**58.** एक व्यक्ति ने एक वस्तु को 20% की हानि पर बेचा। यदि वह इसे ₹ 1,200 अधिक में बेच सकता, तो उसे 5% का लाभ होगा। वस्तु का क्रय मूल्य क्या है ?

A man sold an article at a loss of 20%. If he could sell it for ₹ 1,200 more, he would make a profit of 5%. What is the cost price of the article ?

(A) ₹ 4,850 (B) ₹ 7,800 (C) ₹ 4,700 (D) ₹ 4,800

59. एक गाँव के व्यापार मेले में, एक आदमी ₹ 5,125 की कुल राशि में एक घोड़ा और एक ऊँट खरीदता है। उसने घोड़े को 25% के लाभ पर और ऊँट को 20% की हानि पर बेच दिया। यदि वह दोनों जानवरों को समान मूल्य पर बेचता है, तो सस्ते जानवर का क्रय मूल्य कितना था ?

At a village trade fair, a man buys a horse and a camel for a total amount of ₹ 5,125. He sold the horse at a profit of 25% and the camel at a loss of 20%. If he had sold both the animals at the same price, then the cost price of the cheaper animal was :

(A) ₹ 2,500 (B) ₹ 2,000 (C) ₹ 6,900 (D) ₹ 8,500

60. $2^2 \times 3^5 \times 5^3$, $2^4 \times 3^2 \times 5$ का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Find the HCF of $2^2 \times 3^5 \times 5^3$, $2^4 \times 3^2 \times 5$.

(A) $2^2 \times 3^2 \times 8$ (B) $2^2 \times 3^2 \times 9$ (C) $2^2 \times 3^2 \times 5$ (D) $2^2 \times 3^2 \times 7$

61. 90, 128, 144 का लघुतम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Find the LCM of 90, 128, 144.

(A) 5762 (B) 5764 (C) 5758 (D) 5760

62. दो व्यक्तियों की सम्पूर्ण वेतन-लब्धियाँ बराबर हैं, लेकिन उनमें से एक को अपने मूल वेतन का 65% भत्तों के रूप में मिलता है जबकि दूसरे को अपने मूल वेतन का 80% भत्तों के रूप में मिलता है। तो पहले व्यक्ति के मूल वेतन का, दूसरे व्यक्ति के मूल वेतन से क्या अनुपात है ?

The total emoluments of two persons are the same, but one gets allowances to the extent of 65% of his basic pay and the other gets allowances to the extent of 80% of his basic pay. The ratio of the basic pay of the former to the basic pay of the latter is :

(A) 7 : 5 (B) 12 : 11 (C) 16 : 13 (D) 5 : 4

63. एक व्यापारी अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है। उसे अभी भी क्रय मूल्य पर 44% का लाभ होता है। यदि वह अंकित मूल्य पर बेचता है, तो लाभ % ज्ञात कीजिए।

A trader allows a discount of 20% on the marked price. He still has a profit of 44% on the cost price. Find the profit % if he sells at the marked price.

(A) 80% (B) 49% (C) 90% (D) 63%

64. एक व्यापारी एक वस्तु को खुदरा विक्रेता को 20% छूट पर बेचता है, लेकिन डिलीवरी और पैकेजिंग के लिए रियायती (छूट वाले) मूल्य पर 10% शुल्क लेता है। खुदरा विक्रेता इसे ₹ 4,092 अधिक में बेचता है, जिससे 25% का लाभ अर्जित होता है। तो व्यापारी ने वस्तु को किस कीमत पर अंकित किया था ?

A trader sells one item to a retailer at a 20% discount, but charges 10% on the discounted price, for delivery and packaging. The retailer sells it for ₹ 4,092 more, thereby earning a profit of 25%. At what price had the trader marked the item ?

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 18,600 (C) ₹ 19,400 (D) ₹ 19,000

65. दो रेलगाड़ियाँ विपरीत दिशा में 29 किमी/घंटा और 25 किमी/घंटा की गति से चल रही हैं। तेज गति वाली रेलगाड़ी धीमी गति की रेलगाड़ी में सवार एक व्यक्ति को 6 सेकण्ड में पार करती है। तेज गति वाली रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(A) 110 मी. (B) 90 मी. (C) 85 मी. (D) 100 मी.

Two trains are moving in the opposite directions at 29 km/hr and 25 km/hr. The faster train crosses a man in the slower train in 6 seconds. Find the length of the faster train.

(A) 110 m (B) 90 m (C) 85 m (D) 100 m

66. वह संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 15 : 19 के अनुपात के पदों से घटाया जाना चाहिए ताकि इसे 3 : 4 के बराबर बनाया जा सके।
Find the number that must be subtracted from the terms of the ratio 15 : 19 to make it equal to 3 : 4.
(A) 4 (B) 5 (C) 2 (D) 3

67. मीता की आय सीता की आय से 125% अधिक है। तो सीता की आय मीता की आय से कितने प्रतिशत कम है ?
Mita's income is 125% more than that of Sita. What percent is Sita's income less than that of Mita ?
(A) $22\frac{1}{2}$ % (B) 55.55% (C) 2.5% (D) 124%

68. जब हम लंबी विभाजन विधि से दो संख्याओं के महत्तम समापवर्तक (HCF) की गणना करते हैं, तो अंतिम विभाजक 2 होता है और क्रमिक भागफल पहले से अंतिम तक क्रमशः 2, 4 और 2 होते हैं। इन दो संख्याओं को ज्ञात कीजिए।
When we calculate the HCF of two numbers by long division method, the last divisor is 2 and the successive quotients from first to last are 2, 4 and 2 respectively. Find these two numbers.
(A) 20, 24 (B) 12, 16 (C) 18, 40 (D) 16, 20

69. ₹ 53,240 की राशि 3 वर्षों में 10% चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक संयोजित) पर जमा की जाती है। तो मूल राशि क्या है ?
A sum of ₹ 53,240 is accumulated in 3 years at 10% compound interest (compounded annually). What is the original amount ?
(A) ₹ 60,000 (B) ₹ 30,000 (C) ₹ 20,000 (D) ₹ 40,000

70. कुछ कृषि श्रमिकों की औसत मासिक आय (₹ में) S है और अन्य श्रमिकों की T है। यदि कृषि श्रमिकों की संख्या अन्य श्रमिकों की तुलना में 11 गुना है, तो सभी श्रमिकों की औसत मासिक आय (₹ में) कितनी है ?
The average monthly income (in ₹) of certain agricultural workers is S and that of other workers is T. If the number of agricultural workers is 11 times that of other workers, then the average monthly income (in ₹) of all the workers is :
(A) $\frac{11\,S + T}{12}$ (B) $\frac{1}{11\,S} + T$ (C) $\frac{S + 11\,T}{12}$ (D) $\frac{S + T}{2}$

71. एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे। 75% मतदाताओं ने अपने मत डाले, जिनमें से 2% मत अवैध पाए गए। एक उम्मीदवार को 9261 वोट मिलते हैं जो कुल वैध वोटों का 75% है। तो नामांकित मतदाताओं की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।
There were two candidates in an election. 75% of voters cast their votes, out of which 2% of the votes were found invalid. A candidate got 9261 votes which were 75% of total valid votes. Find the total number of voters enrolled.
(A) 16,505 (B) 26,600 (C) 1,600 (D) 16,800

72. 250 मी. की दूरी से एक पुलिसकर्मी द्वारा एक चोर को देखा जाता है। जब पुलिसकर्मी पीछा करने लगता है, तो चोर भी भागने लगता है। यदि चोर की गति 16 किमी/घंटा हो और पुलिसकर्मी की गति 20 किमी/घंटा हो, तो चोर के पकड़े जाने से पहले वह कितनी दूर तक भागा होगा ?
(A) 700 मी. (B) 950 मी. (C) 1000 मी. (D) 850 मी.
A thief is spotted by a policeman from 250 m. When the policeman starts chasing, the thief also starts running. If the speed of the thief be 16 km/hr and that of the policeman be 20 km/hr, how far would the thief have run before he is caught ?
(A) 700 m (B) 950 m (C) 1000 m (D) 850 m

73. एक क्रिकेटर की 64 पारियों में रनों का एक निश्चित औसत था। अपनी 65वीं पारी में, वह अपनी ओर से बिना किसी स्कोर के आउट हो गया। इससे उसका औसत 2 रन कम हो जाता है। तो उसके रनों का नया औसत क्या है ?

A cricketer had a certain average of runs for his 64 innings. In his $65^{th}$ inning, he is bowled out for no score on his part. This brings down his average by 2 runs. Then what is his new average of runs ?

(A) 170 (B) 168 (C) 130 (D) 128

74. दो वर्ष बाद चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक संयोजित) की 10% दर पर ₹ 4,840 हो जाने वाली मूल राशि क्या होगी ?

What is the sum of money that becomes ₹ 4,840 at 10% rate of compound interest (compounded annually) after two years ?

(A) ₹ 3,400 (B) ₹ 1,500 (C) ₹ 4,000 (D) ₹ 4,500

75. X और Y एक कार्य को क्रमशः 12 दिनों और 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ कार्य करना शुरू किया लेकिन 4 दिनों के बाद Y को छोड़ना पड़ा और X ने अकेले शेष कार्य पूरा किया। तो पूरा कार्य कितने दिनों में पूरा हुआ था ?

(A) $\frac{28}{3}$ दिन (B) $\frac{15}{3}$ दिन (C) 10 दिन (D) 18 दिन

X and Y can complete a work in 12 days and 18 days respectively. They started doing the work together but after 4 days Y had to leave and X alone completed the remaining work. In how many days was the whole work completed ?

(A) $\frac{28}{3}$ days (B) $\frac{15}{3}$ days (C) 10 days (D) 18 days

76. एक ठेकेदार 40 दिनों में एक सुरंग बनाने के कार्य का जिम्मा लेता है और 25 पुरुषों को नियोजित करता है। 24 दिनों के बाद, वह पाता है कि केवल एक-तिहाई सड़क ही बनी है। तो उसे कितने अतिरिक्त पुरुषों को नियुक्त करना चाहिए ताकि वह 4 दिन पहले काम पूरा करने में सक्षम हो ?

(A) 75 पुरुष (B) 70 पुरुष (C) 100 पुरुष (D) 60 पुरुष

A contractor undertakes to make a tunnel in 40 days and employs 25 men. After 24 days, he finds that only one-third of the road is made. How many extra men should he employ so that he is able to complete the work 4 days earlier ?

(A) 75 men (B) 70 men (C) 100 men (D) 60 men

77. दी गई कोड भाषा का उपयोग करके निम्नलिखित अभिव्यक्ति को सरल बनाइए, जहाँ '+', '×' को दर्शाता है, '×', '–' को दर्शाता है, '–', '÷' को दर्शाता है और '÷', '+' को दर्शाता है।

Simplify the following expression using the given code language, where '+' represents '×', '×' represents '–', '–' represents '÷' and '÷' represents '+'.

$16 \times 4 \div 4 + 14 - 2$

(A) 76 (B) 28 (C) 40 (D) 35

78. एक आदमी की ओर इशारा करते हुए, कल्याणी ने कहा, "उसका पोता मेरे भाई का इकलौता बेटा है।" वह आदमी कल्याणी से किस तरह संबंधित है ?

(A) पिता (B) भाई (C) भतीजा (D) पति

Pointing to a man, Kalyani said, "His grandson is the only son of my brother." How is the man related to Kalyani ?

(A) Father (B) Brother (C) Nephew (D) Husband

79. संबंधित शब्द ज्ञात कीजिए।
अभाज्य : भाज्य :: विषम : ?
(A) परिमेय (B) पूर्णांक (C) सम (D) धनात्मक
Find the related word.
Prime : Composite :: Odd : ?
(A) Rational (B) Integer (C) Even (D) Positive

80. श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए।
Find the missing term in the series.
A5BC, A4CE, A3DG, ___, A1FK
(A) A2EI (B) A2FI (C) A2EF (D) A2EG

81. दी गई श्रृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the missing number in the given series.
11, 15, 24, 40, 65, ?
(A) 101 (B) 90 (C) 95 (D) 100

82. निम्नलिखित प्रश्न में, आपको दिए गए शब्द के साथ चार अन्य शब्द विकल्पों के रूप में दिए गए हैं। उनमें से एक शब्द को दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता। उस शब्द को पहचानिए।
दिया गया शब्द : "MATHEMATICS"
In the following question, you will find four additional words provided as alternatives alongside a given word. One of these words cannot be formed using the letters of the given word. Identify that word.
Given word : "MATHEMATICS"
(A) MATTER (B) THEM (C) MATH (D) MATE

83. यदि $p @ q = p^2 + q^2 + 2pq$, $p \# q = p^2 - q^2 - 2pq$ है, तो (7 @ 2) # 4 का मान क्या है ?
If $p @ q = p^2 + q^2 + 2pq$, $p \# q = p^2 - q^2 - 2pq$, what is the value of (7 @ 2) # 4 ?
(A) 493 (B) 5897 (C) 568 (D) 6480

84. वह विकल्प ज्ञात कीजिए जो प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।
Find out the alternative which will replace the question mark (?).
$243 : 23^4 :: 621 : ?$
(A) $61^2$ (B) $12^3$ (C) $21^2$ (D) $62^2$

85. निम्नलिखित प्रश्न में, आपको दिए गए शब्द के साथ चार अन्य शब्द विकल्पों के रूप में दिए गए हैं। उनमें से एक शब्द को दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता। उस शब्द को पहचानिए।
दिया गया शब्द : "FORMATION"
In the following question, four other words are provided as alternatives alongside a given word. One of these words cannot be formed using the letters of the given word. Identify that word.
Given word : "FORMATION"
(A) RATIO (B) MINOR (C) MAJOR (D) TRAIN

86. सादृश्य पूरा कीजिए :
कुत्ता : केनल :: शेर : ______
(A) मांद (बर्रो) (B) पेड़ (C) डेन (D) ओसारा (शेड)
Complete the analogy :
Dog : Kennel :: Lion : ______
(A) Burrow (B) Tree (C) Den (D) Shed

**87.** सीमा पूर्व की ओर 8 km दौड़ी, फिर बाईं ओर मुड़ी और 6 km चलने लगी, फिर वह दाहिनी ओर मुड़कर 4 km चली। अंत में, वह दाईं ओर मुड़ी, 18 km चली और अपने घर पहुँची। प्रारंभिक बिंदु के सन्दर्भ में उसका घर किस दिशा में स्थित है ?

(A) उत्तर-पूर्व (B) उत्तर (C) पूर्व (D) दक्षिण-पूर्व

Seema ran 8 km towards east, then turned left and started walking 6 km, then she turned right and walked for 4 km. Finally, she took a right and walked for 18 km and reached her home. In which direction is her home located with respect to the starting point ?


(A) North-East (B) North (C) East (D) South-East

**88.** एक निश्चित कोड भाषा में, यदि शब्द "PARTNER" को "OZQSMDQ" के रूप में कोडित किया जाता है, तो उसी भाषा में शब्द "SEGMENT" के लिए कोड क्या होगा ?

In a certain code language, if the word "PARTNER" is coded as "OZQSMDQ", then what is the code for the word "SEGMENT" in that language ?


(A) TFHNFOU (B) RDFLDMS (C) SERBCPT (D) QWSARTH

**89.** ग्राफ का अध्ययन कीजिए और कॉफी के क्षेत्र (त्रिज्यखंड) का कोण ज्ञात कीजिए।




(A) 72° (B) 90° (C) 30° (D) 60°

Study the graph and find the angle of sector of coffee.




(A) 72° (B) 90° (C) 30° (D) 60°

**90.** एना 15 मीटर दक्षिण की ओर चलती है, फिर दाएँ मुड़ती है और 20 मीटर और चलती है। वह अपने शुरुआती बिंदु से कितनी दूरी पर और किस दिशा में है ?

(A) 20 मीटर दक्षिण (B) 23 मीटर पश्चिम

(C) 25 मीटर दक्षिण-पश्चिम (D) 26 मीटर उत्तर

Anna walks 15 meters south, then turns right and walks another 20 meters. How far and in which direction is she from her starting point ?

(A) 20 meters south (B) 23 meters west

(C) 25 meters south-west (D) 26 meters north

91. यदि '+', '÷' को दर्शाता है, '÷', '–' को दर्शाता है, '–', '×' को दर्शाता है, और '×', '+' को दर्शाता है, तो '30 + 10 ÷ 6 – 5 × 6' का मान क्या है ?

If '+' represents '÷', '÷' represents '–', '–' represents '×', and '×' represents '+', then what is the value of '30 + 10 ÷ 6 – 5 × 6' ?

(A) – 14 (B) – 21 (C) 12 (D) – 10

92. एक स्कूल में कक्षा IX के छात्रों के चार सेक्शन A, B, C, D हैं।

| परिणाम | सेक्शन A | सेक्शन B | सेक्शन C | सेक्शन D |
|---|---|---|---|---|
| दोनों परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण छात्र | 28 | 23 | 17 | 27 |
| अर्धवार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण लेकिन वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र | 14 | 12 | 8 | 13 |
| अर्धवार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण लेकिन वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र | 6 | 17 | 9 | 15 |
| दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र | 64 | 55 | 46 | 76 |

उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या के आधार पर दोनों परीक्षाओं के कठिनाई स्तर की तुलना करने के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) दोनों परीक्षाओं का कठिनाई स्तर लगभग समान था।

(B) दोनों परीक्षाओं की कठिनाई स्तर के आधार पर तुलना नहीं की जा सकती।

(C) अर्धवार्षिक परीक्षा अधिक कठिन थी।

(D) वार्षिक परीक्षा अधिक कठिन थी।

A school has four sections A, B, C, D of Class IX students.

| Result | Section A | Section B | Section C | Section D |
|---|---|---|---|---|
| Students failed in both exams | 28 | 23 | 17 | 27 |
| Students failed in half-yearly but passed in annual exams | 14 | 12 | 8 | 13 |
| Students passed in half-yearly but failed in annual exams | 6 | 17 | 9 | 15 |
| Students passed in both exams | 64 | 55 | 46 | 76 |

In the context of comparing the difficulty level of the two examinations based on the number of students passing, which of the following statements is true ?





(A) Both the exams had almost the same difficulty level.

(B) The two exams cannot be compared for difficulty level.

(C) Half-yearly exams were more difficult.


(D) Annual exams were more difficult.

93. निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख भारत, हरियाणा और विश्व के बीच संबंध को सबसे अच्छा दर्शाता है ?
Which of the following diagrams best indicates the relation between India, Haryana and World ?

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 


94. अनुक्रम में अगला पद ज्ञात कीजिए।
Find the next term in the sequence.
AB, ABB, ABBB, ABBBB, ?
(A) ABBBBB
(B) ABB
(C) ABBB
(D) ABBBB

95. आकृति का विश्लेषण करके, ज्ञात कीजिए कि कितनी लाल वस्तुएँ प्लास्टिक नहीं हैं।




(A) 24
(B) 25
(C) 22
(D) 23

Analysing the figure, find how many red objects are not plastic.




(A) 24
(B) 25
(C) 22
(D) 23

96. "अस्थिर विचार वाला व्यक्ति कुछ भी नहीं कर पाता" के भाव को अभिव्यक्त करने वाली सही कहावत कौन-सी है ?
(A) तख़्त या तख़्ता
(B) ढोल के भीतर पोल
(C) दुविधा में दोनों गए माया मिली न राम
(D) ढाक के तीन पात

97. कबीर की उलटबांसियों में कौन-सा रस प्रमुख है ?
(A) करुण रस
(B) शांत रस
(C) वीभत्स रस
(D) अद्‌भुत रस

98. 'लोकायतन' कृति के लिए सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार किसे दिया गया था ?
(A) केदारनाथ
(B) रामविलास शर्मा
(C) सुमित्रानंदन पंत
(D) गोविंद मिश्र

99. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा समरूपी भिन्नार्थक है ?
(A) आदि – अन्त
(B) अभिनय – नाटक
(C) अवधि – अवधी
(D) अनुचर – नौकर

100. 'चरणकमल' में समास है :
(A) द्वंद्व (B) तत्पुरुष (C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

101. 'सरोज' शब्द का पर्यायवाची शब्द चयन कीजिए :
(A) शिरीष (B) अरविन्द (C) गुलाब (D) कुमुद

102. 'अंधा युग' किसकी कृति है ?
(A) केदारनाथ अग्रवाल (B) धर्मवीर भारती (C) नरेन्द्र शर्मा (D) मुक्तिबोध

103. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(A) आतंकियों को रिहा करना मूर्खता होंगे।
(B) आतंकियों को रिहा करना मूर्खता होगा।
(C) आतंकवादियों को रिहा करना मूर्खता होगा।
(D) आतंकवादियों को रिहा करना मूर्खता होगी।

104. निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में आसन्न भूत है ?
(A) शिक्षक पढ़ा रहे होंगे।
(B) हो सकता है मैं भी चलूँ।
(C) वे दिल्ली चले गए।
(D) मोहित स्कूल पहुँच चुका है।

105. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है ?
(A) भाषा (B) आभार (C) दया (D) माया

106. 'अनुरूप' में कौन-सा समास है ?
(A) कर्मधारय (B) अव्ययीभाव (C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

107. 'इन्द्रिय' का विशेषण शब्द है :
(A) ऐद्री (B) ऐन्द्रिय (C) इन्द्रिय (D) इन्द्रिक

108. 'के लिए' किस कारक का चिह्न है ?
(A) सम्बन्ध (B) अपादान (C) कर्म (D) सम्प्रदान

109. हिंदी में मूलतः वर्णों की संख्या कितनी है ?
(A) 52 (B) 53 (C) 50 (D) 51

110. 'घ' का उच्चारण स्थान कौन-सा है ?
(A) तालु (B) दन्त (C) मूर्धा (D) कण्ठ

111. घुड़दौड़ किस समास का उदाहरण है ?
(A) तत्पुरुष समास (B) द्विगु समास (C) द्वंद्व समास (D) अव्ययीभाव समास

112. 'पशु-पांशु-पण' का क्रमशः सही अर्थ प्रकट करने वाला शब्द-युग्म है :
(A) जानवर-रेत-मूल्य (B) जानवर-मूल्य-प्रतिज्ञा (C) पतंगा-रात्रि-गंध (D) नेवला-घाव-उड़द

113. 'अ' उपसर्ग से बना शब्द है :
(A) अथाह (B) अधपका (C) अवगत (D) अनहित

114. निम्नलिखित में से पर्यायवाची समूह का कौन-सा युग्म सही ***नहीं*** है ?
(A) शरीर – कलेवर (B) मेघ – वारिधर (C) सरस्वती – वागीश (D) समुद्र – आदित्य

115. 'सोरठा छंद' की विषम पंक्तियों में कितनी मात्राएँ होती हैं ?
(A) 11 (B) 22 (C) 12 (D) 13

116. निम्नलिखित में से सही लोकोक्ति का चयन कीजिए :

(A) न नौ मन पानी होगा न राधा नाचेगी। (B) न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी।
(C) न दस मन तेल होगा न राधा नाचेगी। (D) न नौ किलो तेल होगा न राधा नाचेगी।

117. 'प्रेम में भगवान' रचना के लिए जैनेन्द्र को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?

(A) सरस्वती सम्मान (B) देव पुरस्कार
(C) व्यास सम्मान (D) भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय पुरस्कार

118. हिंदी की 'ठ' ध्वनि है :

(A) मूर्धन्य (B) ओष्ठ्य (C) कंठ्य (D) तालव्य

119. 'मनोबल' में कौन-सी सन्धि है ?

(A) व्यंजन (B) विसर्ग (C) दीर्घ (D) स्वर

120. सही अर्थ वाला शब्द-युग्म कौन-सा है ?

(A) निर्जर – निर्झर = शुरू – झरना
(B) शर – सर = बाण – भला आदमी
(C) आकर – आकार = खान – आकृति
(D) कुल – कूल = वंश – शीतल

121. 'अमिय' का पर्यायवाची शब्द है :

(A) मधुप (B) आम्र (C) विष (D) सुधा

122. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वर संधि का उदाहरण है ?

(A) नमस्कार (B) पवन (C) संयोग (D) मनोहर

123. जो क्रिया अभी हो रही हो, उसे कहते हैं :

(A) संदिग्ध वर्तमान (B) संदिग्ध भूत (C) सामान्य वर्तमान (D) अपूर्ण वर्तमान

124. विग्रह की दृष्टि से दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प अनुचित है ?

(A) चंद्र का प्रकाश (B) देश पर निकाला (C) वन में वास (D) जल की धारा

125. निम्नलिखित वाक्यों में से समुच्चयबोधक अव्यय किस वाक्य में है ?

(A) सत्य बोलना चाहिए। (B) जहाँ तक हो सके, आइएगा।
(C) चिड़िया पेड़ पर है। (D) सीता और गीता पढ़ती हैं।

126. 'कंजूसी से धन व्यय करने वाला' के लिए एक शब्द है :

(A) कृपण (B) मसृण (C) चिरस्थायी (D) अल्पव्ययी

127. 'गीदड़' का स्त्रीलिंग क्या होगा ?

(A) गीदड़ी (B) गीदड़िया (C) गीदड़िन (D) गीदड़

***प्र. सं. 128 से 132 गद्यांश प्रश्न***

जीवन के फैसले मनुष्य को स्वयं करने होते हैं, इसलिए आदमी को आत्मनिर्भर होना चाहिए। अब तुम्हें क्या करना चाहिए, इसका ठीक-ठीक उत्तर तुम्हीं को देना होगा, दूसरा कोई नहीं दे सकता। कैसा भी विश्वासपात्र मित्र हो, तुम्हारे इस काम को वह अपने ऊपर नहीं ले सकता। हम अनुभवी लोगों की बातों को आदर के साथ सुनें, बुद्धिमानों की सलाह को कृतज्ञतापूर्वक मानें, पर इस बात को निश्चित समझकर कि हमारे कामों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा, अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को दृढ़तापूर्वक बनाए रखना चाहिए। जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा। नीची दृष्टि रखने से यद्यपि रास्ते पर रहेंगे पर इस बात को न देखेंगे कि यह रास्ता कहाँ ले जाता है। अपने व्यवहार को मृदुल बनाए रखो। कठोरता, उद्दंडता और अक्खड़पन कतई नहीं हो। अपने व्यवहार में कोमल रहो और अपने उद्देश्यों को उच्च रखो, इस प्रकार नम्र और उच्चाशय दोनों बनो। अपने मन को कभी मरा हुआ न रखो।

128. व्यवहार की मृदुलता :

(A) मन को मरने नहीं देती। (B) पतन होने से बचाती है।
(C) कठोर बनाती है। (D) नम्र और उच्चाशय बनाती है।

129. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सूक्ति है ?

(A) नम्र और उच्चाशय दोनों बनो।
(B) जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा।
(C) जीवन के फैसले मनुष्य को स्वयं करने होते हैं।
(D) अपने व्यवहार को मृदुल बनाए रखो।

130. निम्नलिखित में से किस शब्द का अर्थ 'कोमल' है ?

(A) मृदुल (B) कृतज्ञ (C) निश्चित (D) उद्दंड

131. प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक है :

(A) फैसले करो (B) हमारा पतन (C) आत्मनिर्भरता (D) हमारी रक्षा

132. हम अपने जीवन के फैसले लेने में कैसे आत्मनिर्भर बन सकते हैं ?

(A) अनुभवी लोगों की बातें सुनकर।
(B) बुद्धिमानों की सलाह को कृतज्ञतापूर्वक मानकर।
(C) अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को बनाए रखकर।
(D) विश्वासपात्र मित्र का सहारा लेकर।

133. यदि कोई पक्षी पूर्व से पश्चिम की ओर उड़ता है, तो वह किस दिशा में उड़ रहा है ?

(A) पश्चिमी (B) दक्षिणी (C) उत्तरी (D) पूर्वी

If a bird flies from East to West, what direction is it flying in ?

(A) Western (B) Southern (C) Northern (D) Eastern

134.
1. X2Y का अर्थ है X, Y की बहन है
2. X3Y का अर्थ है X, Y का पुत्र है
3. X8Y का अर्थ है X, Y का पति है
4. X5Y का अर्थ है X, Y की पत्नी है

निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि K, H की सास है ?

1. X2Y means X is the sister of Y
2. X3Y means X is the son of Y
3. X8Y means X is the husband of Y
4. X5Y means X is the wife of Y

Which of the following means that K is the mother-in-law of H ?

(A) H 5 I 3 J 8 L 2 K (B) H 8 I 2 J 3 K 5 L (C) H 3 I 5 J 3 K 8 L (D) H 2 I 5 J 3 K 8 L

135. यदि W, X और Y की माँ है, तथा Z, X का पति है, तो Z के लिए W क्या है ?

(A) बहन (B) मामा (C) सास (D) माँ

If W is the mother of X and Y, and Z is the husband of X, then what is W to Z ?

(A) Sister (B) Uncle (C) Mother-in-law (D) Mother

136. असमान पद ज्ञात कीजिए।

Find the dissimilar term.

P49, T4, Z64, K9.

(A) T4 (B) Z64 (C) P49 (D) K9

137. सादृश्य पूरा कीजिए :

ऑक्सीजन : जलाना :: ? : बुझाना

(A) कार्बन डाइऑक्साइड (B) हीलियम (C) हाइड्रोजन (D) नाइट्रोजन

Complete the analogy :

Oxygen : Burn :: ? : Extinguish

(A) Carbon dioxide (B) Helium (C) Hydrogen (D) Nitrogen

138. 27 वस्तुओं का क्रय मूल्य x वस्तुओं के विक्रय मूल्य के समान है। यदि लाभ 35% है, तो x का मान क्या है ?

The cost price of 27 articles is the same as the selling price of x articles. If the profit is 35%, then the value of x is :

(A) 18 (B) 20 (C) 22 (D) 24

139. एक आदमी उत्तर की ओर 15 किमी जाता है, फिर पूर्व की ओर मुड़ता है और 15 किमी की दूरी तय करता है और बाईं ओर मुड़ता है। फिर से 15 किमी के बाद वह दाईं ओर मुड़ता है और गंतव्य तक पहुँचने के लिए 15 किमी की दूरी तय करता है। वह अपने प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर और किस दिशा में है ?

(A) $30\sqrt{2}$ किमी दक्षिण-पूर्व (B) $30\sqrt{2}$ किमी दक्षिण-पश्चिम

(C) $30\sqrt{2}$ किमी उत्तर-पश्चिम (D) $30\sqrt{2}$ किमी उत्तर-पूर्व

A man went 15 km towards North, then turned East and covered 15 km and turned to the left. Again after 15 km he turned to the right and covered 15 km to reach the destination. How far and in which direction is he from his starting point ?

(A) $30\sqrt{2}$ km South-East (B) $30\sqrt{2}$ km South-West


(C) $30\sqrt{2}$ km North-West (D) $30\sqrt{2}$ km North-East

140. छह लड़कियाँ, X, Y, Z, S, P और Q, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर बैठी हैं। उन सभी का मुँह वृत्त के केंद्र की ओर है। P, Y और S के बीच में नहीं बैठी है, लेकिन समूह से कोई अन्य बैठी है। P और Q एक-दूसरे के विपरीत हैं। Z, S के बाएँ और P के दाएँ है। P के बाएँ कौन है ?

Six girls, X, Y, Z, S, P and Q, are sitting around a circular table. All of them are facing toward the centre of the circle. P is not sitting between Y and S, but someone else from the group is sitting there. P and Q are opposite to each other. Z is to the left of S and right of P. Who is left of P ?

(A) Z (B) S (C) X (D) Y


141. दिया गया ग्राफ़ चार अलग-अलग राज्यों में गाँवों की संख्या दिखाता है जहाँ विभिन्न वर्षों में विद्युतीकरण किया गया था।




राज्य B में उन गाँवों की संख्या जहाँ 2014 में विद्युतीकरण किया गया था, राज्य D के गाँवों की संख्या का कितना प्रतिशत है जहाँ 2012 में विद्युतीकरण किया गया था ?

(A) 80% (B) 65% (C) 40% (D) 33.33%

The given graph shows the number of villages in four different states where electrification was done in different years.




The number of villages in State B where electrification was done in 2014 is what percentage of the number of villages in State D where electrification was done in 2012 ?

(A) 80% (B) 65% (C) 40% (D) 33.33%

142. अनुक्रम 1, 2, 6, 24, 120 में अगली संख्या क्या है ?

In the sequence 1, 2, 6, 24, 120, what is the next number ?

(A) 650 (B) 720 (C) 360 (D) 480

143. श्रृंखला 6, 24, 60, 120, ___ में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the next number in the series 6, 24, 60, 120, ___.

(A) 218 (B) 210 (C) 236 (D) 216

144. यदि 987 को 123, 741 को 369 के रूप में कोडित किया जाता है, तो 269 को किस प्रकार कोडित किया जाएगा ?

If 987 is coded as 123, 741 as 369, then 269 will be coded as :

(A) 356 (B) 841 (C) 367 (D) 840

145. श्रृंखला 2, 5, 10, 17, ___ को पूरा कीजिए।

Complete the series 2, 5, 10, 17, ___.

(A) 32 (B) 26 (C) 24 (D) 28

146. यदि किसी महीने की 5 तारीख को गुरुवार पड़ेगा, तो उस महीने की 20 तारीख के तीन दिन बाद कौन-सा दिन आएगा ?

(A) बुधवार (B) रविवार (C) सोमवार (D) मंगलवार

If Thursday will fall on 5th of a month, then which day will fall three days after the 20th of that month ?

(A) Wednesday (B) Sunday (C) Monday (D) Tuesday

147. जब आप अंग्रेजी वर्णमाला को पिछड़े (उलट) क्रम में लिखते हैं तो दाएँ से छठे अक्षर के बाएँ से 13वाँ अक्षर कौन-सा है ?

Which is the 13th letter to the left of the 6th letter from the right when you write the English alphabets in backward order ?

(A) S (B) I (C) T (D) H

148. यदि एक ट्रेन एक खंभे को 15 सेकण्ड में पार करती है, तो 90 किमी/घंटा की गति से यात्रा करने वाली इस ट्रेन को 600 मीटर लंबे पुल को पार करने में कितना समय लगेगा ?

(A) 37 सेकण्ड (B) 39 सेकण्ड (C) 35 सेकण्ड (D) 42 सेकण्ड

If a train crosses a pole in 15 seconds, how long will it take for the train, travelling at a speed of 90 km/hr, to cross a bridge that is 600 meters long ?

(A) 37 seconds (B) 39 seconds (C) 35 seconds (D) 42 seconds

149. S, V का देवर है। P, S और T का पिता है, और T, M का पिता है। V, R की बहू है।

P, V से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) भाई (B) बेटा (C) ससुर (D) पिता

S is the brother-in-law of V. P is the father of S and T, who is the father of M. V is the daughter-in-law of R.

How is P related to V ?

(A) Brother (B) Son (C) Father-in-law (D) Father

150. नमिता, प्रिया से लम्बी है लेकिन माधुरी जितनी लम्बी नहीं है। रीना, नमिता से लम्बी नहीं है लेकिन सबसे छोटी भी नहीं है। उनमें से तीसरा सबसे लंबा कौन है ?

(A) रीना (B) माधुरी (C) प्रिया (D) नमिता

Namita is taller than Priya but not as tall as Madhuri. Reena is not taller than Namita but is not the shortest. Who among them is the third tallest ?

(A) Reena (B) Madhuri (C) Priya (D) Namita